<u>विधान परिषद् के द्वितीय सत्र, 2024 के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित, डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-14 का उत्तर।</u>

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| (क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि प्रयागराज व झांसी मण्डलों के अन्तर्गत सर्वाधिक मुकदमें किन किन थानों में दिनांक 01 जनवरी, 2024 से दिनांक 11 मार्च, 2024 तक पंजीकृत है और सर्वाधिक मुकदमें पंजीकृत होने के क्या कारण है? | जी हाँ।<br><br>प्रयागराज एवं झांसी मण्डलों के सम्बन्ध में वांछित विवरण निम्नांकित हैः-<br><br>**प्रयागराज-**<br>प्रयागराज में दिनांक 01 जनवरी, 2024 से 11 मार्च, 2024 तक सर्वाधिक 138 मुकदमें थाना-धूमनगंज में पंजीकृत किये गये हैं। थाना-धूमनगंज में सर्वाधिक मुकदमें पंजीकृत होने का कारण बड़ा क्षेत्र, घनी आबादी, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र, हिन्दू मुस्लिम की मिश्रित आबादी, बाहर के जनपदों से आकर धूमनगंज में बसने वालों की आबादी, अधिवक्ता वर्ग, सरकारी अधिकारी/कर्मचारीगण, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों एवं अन्य प्रकार के प्राइवेट कार्य करने वालों की आबादी है।<br>थाना-धूमनगंज में उक्त अवधि में पंजीकृत मुकदमों में से भादंवि के कुल 110 एवं विभिन्न अधिनियम के अन्तर्गत 28 अर्थात् कुल 138 अभियोग पंजीकृत हुए हैं।<br><br>**प्रतापगढ़-**<br>दिनांक 01 जनवरी, 2024 से 11 मार्च, 2024 तक थाना-कोतवाली नगर में सर्वाधिक 157 अभियोग पंजीकृत हैं। थाना-कोतवाली राष्ट्रीय राजमार्ग 330ए के किनारे स्थित है। राजमार्ग के किनारे थाने का लम्बा क्षेत्र है। इस मार्ग पर प्रायः दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इसके अतिरिक्त क्षेत्रफल और आबादी की दृष्टि से भी यह बड़ा थाना है। इन्हीं कारणों से इस थाने में अधिक अभियोग पंजीकृत हैं।<br><br>**फतेहपुर-**<br>दिनांक 01 जनवरी, 2024 से 11 मार्च, 2024 तक जनपद-फतेहपुर के थाना-कोतवाली में सर्वाधिक कुल 93 अभियोग पंजीकृत हैं। थाना-कोतवाली जनपद-फतेहपुर का सबसे ज्यादा क्षेत्रफल व आबादी वाला क्षेत्र है। इसी कारणवश यहां अधिक अभियोग पंजीकृत हुये हैं। |

**कौशाम्बी-**

जनपद, कौशाम्बी के थाना-सैनी पर सर्वाधिक अभियोग पंजीकृत हैं। यहां कुल 75 अभियोग आलोच्य अवधि में पंजीकृत हुये हैं। थाना-सैनी राष्ट्रीय राजमार्ग-2 के किनारे स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे थाने का लम्बा क्षेत्र है। इस मार्ग पर प्रायः दुर्घनाएं होती रहती हैं। इसके अतिरिक्त क्षेत्रफल और आबादी की दृष्टिगत से भी यह बड़ा थाना है। इन्हीं कारणों से यहां अभियोग पंजीकृत हुये हैं।

**झांसी-**

दिनांक 01-01-2024 से दिनांक 11-03-2024 तक थाना-मऊरानीपुर में सर्वाधिक 123 अभियोग पंजीकृत हैं। थाना-मऊरानीपुर जनपद-झांसी का ज्यादी क्षेत्रफल एवं आबादी वाला क्षेत्र है, जिसके कारण अभियोगों की संख्या अधिक है।

**जालौन-**

दिनांक 01-01-2024 से दिनांक 11-03-2024 तक सर्वाधिक 172 अभियोग थाना-कोतवाली में पंजीकृत हैं। थाना-कोतवाली जनपद-जालौन का आबादी वाला क्षेत्र है एवं जनपद मुख्यालय का थाना है, जिसके कारण अभियोगों की संख्या अधिक है।

**ललितपुर-**

दिनांक 01-01-2024 से दिनांक 11-03-2024 तक सर्वाधिक 168 अभियोग थाना-कोतवाली में पंजीकृत हैं। थाना-कोतवाली राष्ट्रीय राजमार्ग-44 के किनारे स्थित है। इसके अतिरिक्त आबादी वाला क्षेत्र है तथा जनपद मुख्यालय का थाना है, जिसके कारण अभियोगों की संख्या अधिक है।

(ख) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे?

उपरोक्तानुसार।

(ग) यदि नहीं, तो क्यों?

प्रश्न नहीं उठता।

योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री